




# युवराज न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

newstodayupdate.in

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

रजि0 कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 07+21 तिथि : 22 अप्रैल 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## मुम्बई से एम्बुलेंस लेकर मोतिहारी के फेनहारा आ रहे युवक को शिवहर में रोका, हुई जांच, निकला पोजेटिव, शिवहर सदर अस्पताल में भर्ती, मचा हड़कंप



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

**बिग ब्रेकिंग**




बिहार में कोरोना वायरस मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है आज एक बार फिर से 5 पॉजीटिव केस सामने आया है। इस तरह से संख्या बढ़कर 131 पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

अब तक बिहार के 15 जिलों में कोरोनाा पॉजिटिव का मरीज सामने मिला था लेकिन आज संख्या बढ़ गई है और उसमें पूर्वी चंपारण भी जुड़ गया है पूर्वी चंपारण के 25 साल का युवक मो0 आलम कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

बताया जाता है कि मुम्बई से एम्बुलेंस लेकर मोतिहारी के फेनहारा आ रहे युवक मो0 आलम को शिवहर में रोका गया, फिर उसका कोरोना जांच किया गया, जो निकला पोजेटिव। उसे शिवहर सदर अस्पताल में हीं कोरंटाइन में भर्ती किया गया है, पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने इसकी पुष्टि की है।

डीएम शीर्षत ने कहा कि अभी तक पूर्वी चंपारण में एक भी पॉजिटिव केश नहीं मिला है। डीएम श्री अशोक ने कहा है कि कोरोना वायरस से बचने के लिए सतर्कता आवश्यक है। फिलहाल युवक मो0 आलम केट्रैवल हिस्ट्री को खंगाले जा रही है।

आज बिहारजो पांच पोजिटिव केस मिले हैं उसमें दो महिला जिनकी उम्र 30 साल और 57 साल है और एक पुरुष जिसका उम्र 62 साल है यह तीनों पटना के खाजपुरा के रहने वाले हैं वही एक महिला जो 26 साल की है वह बिहार शरीफ की रहने वाली है जबकि पूर्वी चंपारण के फेनहारा के रहने वाले एक शख्स भी पॉजिटिव मिला है।

## भारत में कोरोना वायरस के अब तक 20240 मामले




स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार भारत में कोरोना वायरस (कोविड–19)के अब तक 20240 मामले सामने आ गए हैं। 15, 670 लोगों का इलाज जारी है। 4006 लोग ठीक हो गए हैं। 652 लोगों की मौत हो गई है। महाराष्ट्र में मरीजों की संख्या 5218 से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा दिल्ली में 2156 और गुजरात में 2272 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

## देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान छूट वाली सेवाओं को लेकर गृह मंत्रालय का स्पष्टीकरण जारी, अब किताब और मोबाइल



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान छूट वाली सेवाओं को लेकर गृह मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी किया है। मंत्रालय का कहना है कि पहले जारी दिशा–निर्देशों के तहत घरों में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में लगे अटेंडेंट को काम करने की इजाजत है। प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज की दुकानों, ब्रेड फैक्ट्री और आटा मिल को भी परिचालन की अनुमति दी जा चुकी है। इलेक्ट्रिक फैन और स्कूली किताबों की बिक्री की भी इजाजत है।

### छूट वाली सेवाओं पर असमंजस को लेकर सरकार ने साफ की स्थिति

गृह मंत्रालय ने बताया कि अब तक जारी दिशा–निर्देशों के तहत सेवाओं और गतिविधियों को मिली छूट को लेकर आ रहे प्रश्नों को देखने के बाद नए सिरे से नोट जारी किया जा रहा है। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को दी गई जानकारी में मंत्रालय ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में लॉकडाउन के दौरान ब्रेड फैक्ट्री जैसी फूड प्रोसेसिंग इकाइयों, दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों, आटा व दाल मिल आदि को परिचालन की अनुमति है। कृषि एवं बागवानी से जुड़े शोध केंद्र, बीजों व बागवानी उत्पादों के जांच केंद्र भी काम कर सकते हैं। मधुमक्खियों का छत्ता, शहद और इस तरह के अन्य उत्पादों को राज्य के भीतर या एक से दूसरे राज्यों में ले जाने की भी अनुमति है।

### पहले के दिशानिर्देशों को स्पष्ट करते हुए गृह मंत्रालय ने दी जानकारी

मंत्रालय ने कहा कि निचले स्तर पर किसी तरह का भ्रम नहीं पैदा हो, इसलिए जिला अधिकारियों और फील्ड एजेंसियों को इस संबंध में सूचित किया जाए। मंत्रालय ने बंदरगाहों पर गतिविधियों के लिए भी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है।

मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी कार्यालय, फैक्ट्री या संस्थान में काम के दौरान फिजिकल डिस्टेंसिंग से जुड़े प्रावधानों के पालन में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सरकार कृषि एवं इससे संबंधित गतिविधियों को भी पूरी तरह मंजूरी दे चुकी है। इनमें फसलों की कटाई, बोआई और खरीद आदि शामिल हैं। ग्रीन जोन में फिजिकल डिस्टेंसिंग और सुरक्षा के अन्य मानकों के पालन के साथ कुछ उद्योगों को भी परिचालन की अनुमति दी गई है।

### पब, सिनेमाहॉल, बार, मॉल, जिम आदि और सभी शैक्षणिक संस्थान बंद

रेड जोन व ऑरेंज जोन में गतिविधियों को छूट नहीं दी गई है। वहां लॉकडाउन का सख्ती से पालन होता रहेगा। जहां संक्रमण के ज्यादा मामले हैं, उन्हें रेड जोन में रखा गया है। नियंत्रित मामले वाले क्षेत्रों को ऑरेंज जोन में और संक्रमण मुक्त क्षेत्रों को ग्रीन जोन में रखा गया है। पब, सिनेमाहॉल, बार, मॉल, जिम आदि और सभी शैक्षणिक संस्थान हर जगह बंद रहेंगे।

### इन्हें भी है अनुमति

–घरों में वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में लगे अटेंडेंट
–आटा और दाल मिल, ब्रेड की फैक्ट्री का परिचालन
–दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयां भी कर सकती हैं काम




## कोरोना संक्रमण के दौरान लॉकडाउन में बीजेपी विधायक के कोटा से बेटी को लाने के मामले में एसडीओ निलंबित, विधायक पर भी होगी कार्रवाई, वाहन चालक से भी मांगा गया स्पष्टीकरण



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




कोरोना संक्रमण के दौरान लॉकडाउन में भारतीय जनता पार्टी के नवादा जिले के हिसुआ के विधायक अनिल सिंह कोटा में पढ़ रही बेटी को वहां से बिहार ले आए हैं। जबकि, आम लोगो के बच्चे वहीं फंसे पड़े हैं। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद विधायक को कोटा आने–जाने के लिए पास जारी करने वाले अधिकारी को निलंबित किया जा चुका है। अन्य सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। विधायक के खिलाफ भी कार्रवाई तय मानी जा रही है। इस बीच कोटा सहित राजस्थान के अन्य इलाकों में फंसे बिहारी छात्रों व कामगारों के रहने–खाने की व्यवस्था के लिए बिहार सरकार ने राजस्थान सरकार पर दबाव बढ़ाया है।

विदित हो कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कोटा में पढ़ रहे अपने बच्चों को वापस बुलाने का फैसला किया तथा उन्हें लाने के लिए बसें भेजी। इसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लॉकडाउन की मर्यादा का उल्लंघन बताया तथा कहा कि बिहार के बच्चों को कोटा में ही रहने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी बीच बीजेपी विधायक कोटा से अपने बेटी को लेकर बिहार आ गए। इसे लेकर सरकार पर दोहरी नीति का आरोप लगाया गया है। अब इस मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। साथ ही बिहार सरकार ने राजस्थान में फंसे बिहारियों की भी सुध ली है।

### कोटा मामले में बिहार ने बढ़ाया राजस्थान पर दबाव

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय चौधरी ने मंगलवार को कहा कि कोटा एवं राजस्थान के अन्य शहरों में फंसे बिहार के हजारों छात्रों एवं कामगारों के रहने–खाने की व्यवस्था करनी चाहिए। ओम बिड़ला आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोरोना से बचाव के लिए बिहार की तैयारियों की जानकारी ले रहे थे।

### मंत्री बोले: विधायक के खिलाफ होगी कार्रवाई

इस मामले में बिहार के संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाला कोई भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधायक अनिल सिंह पर भी बीजेपी कार्रवाई करेगी।

### विधायक को पास जारी करने वाले अधिकारी निलंबित

बिहार के मुख्य सचिव दीपक कुमार ने फिर कहा है कि कोटा में फंसे बिहार के छात्रों को वर्तमान हालात में वापस बुलाना ठीक नहीं है। इस बाबत मुख्यमंत्री भी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। इस बीच विधायक को पास जारी करने वाले सदर एसडीएम अनु कुमार को निलंबित कर दिया गया है। नवादा के जिलाधिकारी यशपाल मीणा की अनुशंसा पर सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें निलंबित किया है।

### विधायक के वाहन चालक से भी मांगा गया स्पष्टीकरण

लॉकडाउन के दौरान बीजेपी विधायक अनिल सिंह द्वारा के लिए कोटा ले जाने के मामले पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) विजय कुमार चौधरी ने सख्त रूख अख्तियार किया है। विधानसभा सचिवालय ने विधायक के वाहन चालक शिवमंगल चौधरी से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सत्तारूढ़ दल के सचेतक के रूप में आवंटित है गाड़ी

विधायक जिस गाड़ी गाड़ी (बीआर 1 पीजे 0484) से कोटा गए, वह उन्हें सत्तारूढ़ दल बीजेपी के सचेतक के रूप में आवंटित है। इसे वह निजी कार्य के लिए राज्य से बाहर लेकर नहीं जा सकते हैं। किंतु विधायक बिना किसी पूर्व सूचना के इसे निजी कार्य से बिहार से बाहर राजस्थान के कोटा ले गए थे।

### विधानसभा सचिवालय को नहीं दी कोटा जाने की सूचना

विधानसभा सचिवालय की ओर से कहा गया है कि वाहन चालक को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में बिना विधानसभा सचिवालय की अनुमति के विभागीय वाहन को राज्य से बाहर नहीं ले जाना है। जिस विधायक को यह गाड़ी आवंटित है, यदि वह ऐसा करते हैं तो इसकी सूचना उन्हें तुरंत विधानसभा सचिवालय को देनी होगी। किंतु ऐसी कोई सूचना सचिवालय को नहीं दी गई, जिसे नियम के विरुद्ध मानकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### विपक्ष को मिला मुद्दा– तेजस्वी ने सरकार से पूछे सात सवाल

लॉकडाउन की बंदिशों के बीच बीजेपी विधायक अनिल सिंह द्वारा कोटा से बेटी को लाने के मामले ने विपक्ष को मुद्दा थमा दिया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए सात सवाल पूछे हैं।

### विधायक की सफाई: प्राइवेट गाड़ी से गए थे कोटा

इस मामले में विधायक अनिल सिंह ने भी अपनी बात रखी है। उन्होंने सरकारी गाड़ी के इस्तेमाल से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट और सरकारी गाड़ियों का बनवाया था, लेकिन प्राइवेट गाड़ी से ही कोटा गए थे।

## कोरोना महामारी के बीच बिहार इस आपातकाल की स्थिति में गरीबों के लिए एक व्यक्ति बना हुआ है मसीहा



आशीष राज, स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे




कोरोना महामारी के बीच बिहार इस आपातकाल की स्थिति में गरीबों के लिए एक व्यक्ति मसीहा बना हुआ है। इस शख्स ने लगातार भारत में चल रहे लॉक डाउन के दौरान जमीनी स्तर पर जनता के बीच जाकर अनाज से लेकर राहत की हर एक सामग्री पहुंचाई है। जी हां हम बात कर रहे हैं पटना के निवासी मोहम्मद खालिद अजीम की, जो लगातार इस मुश्किल परिस्थिति में हर समुदाय के गरीबों के लिए बढ़–चढ़कर आगे आए हैं, इनके लिए समाज सेवा मजहब से भी बड़ी दायित्व है।
उन्होंने सभी संप्रदाय के लोगों से इस संकट की घड़ी में जरूरतमंदों के लिए आगे आने की अपील की। जिस तरीके से भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सात वचनों में से एक वचन था ''अपने आसपास के गरीबों को भूखा नहीं सोने दे'' ,इस संकट की घड़ी में सड़कों पर घूम रहे आवारा जानवरों के लिए भी यह इंसान काफी आगे आया है, इनके द्वारा जानवरों के लिए भी रोटी एवं खाने का वितरण किया जा रहा है।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830